102

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 19 दिसंबर, 2024 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 19 दिसंबर, 2024 को 04.00 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आचार्य अमित पात्रा, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | आचार्य एस.बी.द्विवेदी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) | - | सदस्य |
| 3. | आचार्य हीरालाल प्रामाणिक, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र) | - | सदस्य |
| 4. | श्री राजन श्रीवास्तव, कुलसचिव (प्रभार) | - | सदस्य |
| 5. | डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी, संयुक्त कुलसचिव (लेखा) | - | सदस्य |
| 6. | डॉ. अनिता मोहन, सह-आचार्य, भौतिकी विभाग | - | सदस्या |
| 7. | डॉ. लावण्या सेल्वागनेश, सहायक आचार्य, गणितीय विज्ञान विभाग | - | सदस्या |
| 8. | डॉ. अमित कुमार सिंह, उप कुलसचिव (राजभाषा) | - | सदस्य सचिव |

आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति तथा आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, आचार्य संजय कुमार पांडेय, अधिष्ठाता (अनु0 एवं विकास), अधिष्ठाता (छात्र कल्याण), अधिष्ठाता(संकाय कार्य) एवं श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, वाराणसी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

उपरोक्त बैठक में श्री शशांक पाठक, हिन्दी अनुवादक उपस्थित रहे। बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

**मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 02 जुलाई, 2024 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

दिनांक 02 जुलाई, 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

**मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 02 जुलाई, 2024 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा:**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 02 जुलाई, 2024 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

1. अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) कार्यालय से यह जानकारी प्राप्त हुई कि शैक्षणिक प्रपत्रों में कुछ संशोधन का कार्य चल रहा है तदोपरांत द्विभाषी (हिन्दी एवं अँग्रेजी) प्रपत्रों को आगामी विद्वत सभा (सीनेट) की बैठक में शामिल किया जाएगा।

2. संस्थान की वेबसाइट (iitbhu.ac.in) के हिंदीकरण के क्रम में सी.सी.आई.एस से मिली जानकारी के अनुसार अँग्रेजी में विद्यमान वेबसाइट का तकनीकी उन्नयन (technology upgradation) के बाद ही हिंदी वेबसाइट का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह निर्णय लिया गया कि चूँकि वेबसाइट पर अँग्रेजी एवं हिंदी दोनों का विकल्प उपलब्ध होना आवश्यक है। अतः वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ को हिंदी में तैयार करके वेबसाइट पर दोनों भाषाओं का विकल्प उपलब्ध कराया जाए।

3. अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) द्वारा हिंदी भाषा समिति के लिए प्राप्त छात्रों की सूची को अध्यक्ष महोदय ने अनुमोदन प्रदान किया तथा यह निर्णय लिया गया कि उक्त सूची में उपस्थित विद्यार्थियों में से एक समिति का समुचित गठन करके राजभाषा प्रकोष्ठ को पूर्ण विवरण के साथ अवगत कराया जाए ताकि राजभाषा के कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता तथा पत्रिका के प्रकाशन इत्यादि में सहयोग लिया जा सके।

4. वेबसाइट पर उपलब्ध नारा **"प्रथम दिवस का कार्य, हो समर्पित हिन्दी के नाम"** को प्रत्येक महीने के अंतिम कार्य-दिवस पर प्रदर्शित करवाया जाए। इसके लिए सी.सी.आई.एस/वेब मैनेजमेंट से अनुरोध किया जाए कि इस नारे को वेबसाइट के डेटाबेस में इस प्रकार फीड करें कि उक्त नारा प्रत्येक माह के अंत में प्रदर्शित हो सके।

**मद सं. 3: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी पिछली चार हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा।**

समिति के समक्ष पिछली चार तिमाहियों (तिमाही मार्च 2023 से तिमाही मार्च 2024) के हिन्दी प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति ने संतोष व्यक्त किया।

शशांक पाठक

सर्वेश अमित

कृ.पृ.उ.

101

**मद सं. 4: संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग एवं अन्य मद पर चर्चा के दौरान निम्नलिखित निर्णय लिए गए-**

**क)** संस्थान में राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित होने वाले कार्यशालाओं/गतिविधियों में साहित्यिक/सांस्कृतिक कार्यक्रमों का और अधिक विस्तार किया जाए ताकि संस्थान द्वारा वाराणसी के अन्य कार्यालयों को सम्मिलित करते हुए संस्थान परिवार को एक दूसरे से जुड़ने एवं साहित्यिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता करने का सुअवसर मिल सके।

**ख)** संस्थान में राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से एक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाएगा। उक्त पत्रिका में राजभाषा प्रकोष्ठ के समस्त गतिविधियों व लेखों, अध्यापकों/छात्रों/कर्मचारियों की उत्कृष्ट कविताएं, गीतों, साहित्यक कार्यक्रमों/कार्यशालाओं की आख्या तथा फोटोग्राफ्स का संग्रह किया जाएगा। उक्त पत्रिका के नाम पर भी विचार किया जाना है। राजभाषा पत्रिका से संबन्धित कार्यों के लिए निदेशक सह अध्यक्ष महोदय ने निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति गठित की है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1)** | आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, रा0का0स0 | - | अध्यक्ष |
| **2)** | आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव | - | सदस्य |
| **3)** | डॉ. अनिता मोहन, सह-आचार्य | - | सदस्या |
| **4)** | श्री शशांक पाठक, हिंदी अनुवादक | - | संयोजक |

अमित
(अमित कुमार सिंह)
सदस्य सचिव

सर्वेश 23/12
(सर्वेश कुमार तिवारी)
सदस्य

(राजन श्रीवास्तव)
सदस्य

(एस.बी.द्विवेदी)
सदस्य

23/12/2024
(हीरालाल प्रामाणिक)
सदस्य

S. Lavanya 23/12/24
(लावण्या सेल्वागनेश)
सदस्या

(अनिता मोहन)
सदस्या

अ0पात्रा 26/12/24
**(अमित पात्रा)**
**अध्यक्ष**